खबर संक्षेप

रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप (युवा संगम) मेला 20 को

मण्डला। नगरपालिका टाउनहाल मंडला में 20 मई को प्रातः 11 बजे से रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला युवा संगम मेला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मंडला द्वारा किया जायेगा। मेले में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों एमआरएफ, धूत, अपोलो टायर, डिक्सान, फ्लिपकार्ट आदि कंपनियों के लिए आमधन-ई द्वारा प्लेसमेंट दिया जायेगा। स्थानीय कम्पनियों द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतिओं को रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार के अवसर भी दिये जायेंगे। इस मेले में 10वी, 12वी, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण सभी जिनकी उम्र 18 से 28 अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त दिनांक को शैक्षणिक बायोडाटा एवं मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई मंडला में संपर्क करें।

डीपीसी की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित

मण्डला। अशासकीय स्कूलों को मान्यता जारी करने एवं समाप्त करने का दायित्व संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को प्रदाय किया गया है। जिले में संचालित अशासकीय स्कूलों द्वारा आरटीई के मापदंडों का उल्लंघन पाए जाने पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में डीपीसी की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) श्री अरविंद विश्वकर्मा के अलावा शिक्षाविद (सदस्य) अरविंद शुक्ला से.नि. जिला शिक्षा अधिकारी, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधि (सदस्य) रामकुमार सिंगौर, पत्रकार (सदस्य) आयुष चौरसिया तथा शासकीय प्रतिनिधि (सदस्य) श्रीमती वंदना गुप्ता सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग शामिल हैं।

मृतक की माँ के खाते में सहायता राशि भुगतान करने के निर्देश

मण्डला। ग्राम पोंड़ी तहसील निवास में वीरसिंह को सर्प के काटने से 6 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान माँ सरोज बाई पति उजियार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया जाना था किन्तु बैंक खाते से आधार संख्या जुड़ा नहीं होने के कारण, मृतक की दादी मां बिसरती पति बुद्धसेन के खाते में भुगतान कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक की मां के खाते में भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

देश प्रेम के जयघोष से गूंजा नगर

तिरंगा यात्रा का शानदार आयोजन

*** हर हाथ तिरंगा और भारत माता की जय के साथ निकली यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने शौर्य, पराक्रम और साहस का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है,जिससे यह ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ है। इसके लिए देशभर में सैनिकों के सम्मान के साथ अभिवादन किया जा रहा है। मंडला में शनिवार को भारत माता की जय और वंदे मातरम के उदघोष करते हुए हाथों में तिरंगा ध्वज लिए नगर की सड़कों में तिरंगा यात्रा निकाली गई ।इसमें सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिकों के आह्वान पर इस यात्रा में सर्व समाज के नागरिक, देशभक्त, गणमान्य जन, मातृशक्ति, बुद्धिजीवी, भूतपूर्व सैनिक, स्काउट गाइड, सीआरपीएफ 148 वी बटालियन, एनसीसी, खिलाड़ी, समाजसेवी, वर्ग बड़ी संख्या में सहभागी बने। यात्रा शनिवार शाम 5 बजे लालीपुर चौक से प्रारंभ हुई। यात्रा बैंड, आतिशबाजी, मनमोहक झांकियों के साथ यात्रा ने पैदल मार्च किया, जिसमें सभी शामिल जनों ने देश भक्ति के लिए अभिव्यक्ति दी। यात्रा का पुष्प वर्षा से जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा में विशाल जनसमूह भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उदघोष करते हुए हाथों में तिरंगा लहराते हुए यात्रा को अभूतपूर्व, अविस्मरणीय रूप दिया। यात्रा का समापन स्थानीय उदय चौक में सारे जहां से अच्छा, राष्ट्रगान जन गण मन के साथ किया गया। देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर तीनों सेनाओं में शामिल सैनिकों के पराक्रम का अभिवादन किया गया।

जगह-जगह हुआ स्वागत और हुई पुष्पवर्षा

लालीपुर चौराहा से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा का नगर के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया यात्रा पर यह पुष्प वर्षा कर देश भक्तों का जहां सम्मान किया गया वहीं शीतल पेय एवं अन्य व्यंजनों से उनका स्वागत भी किया गया। लगभग 70 फुट विशाल तिरंगे को लेकर जब हमारे नगर के युवा, देश के भविष्य वे बच्चे जो खेल के क्षेत्र में भी नगर का नाम रोशन कर रहे हैं और इसके साथ-साथ स्काउट गाइड के छात्रों ने देश भक्ति की अलख जगाई जयकारों के साथ देश प्रेम प्रदर्शित किया जिसे देखकर नगरवासी भी जयहिन्द बोलने से अपने आपको नहीं रोक सके। इस तरह हिन्दुस्तान जिंदाबाद के जयघोष के साथ जब तिरंगा यात्रा बड़ चौराहा पहुंची तो वहां शानदार आतिशबाजी की गई और फिर कमानिया गेट पर भी ऊपर भव्य आतिशबाजी ने सभी को गौरान्वित किया। तिरंगा यात्रा का समापन राष्ट्रगान के गायन के साथ किया गया।

15 दिवसीय माहिष्मती समर किड्स कैंप-2 का हुआ शुभारंभ

*** 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को योग वैदिक मंत्र, हस्तशिल्प, शिष्टाचार, नृत्य - संगीत की दी जाएगी शिक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

शुक्रवार से नर्मदा तट पर स्थित माहिष्मती घाट में 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों के लिए माहिष्मती समर किड्स कैंप - 2 का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट ने किया। 15 दिवसीय माहिष्मती समर किड्स कैंप - 1 की सफलता को ध्यान में रखते हुए माहिष्मती समर किड्स कैंप - 2 का शुभारम्भ किया गया है। 16 अप्रेल से शुरू हुए इस कैंप का समापन 30 मई को होगा। यह कैंप नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट माहिष्मती घाट मंडला द्वारा आयोजित किया गया है। इस कैंप में भारतीय संस्कृति और पाश्चात्य संस्कृति का मिश्रण देखने को मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए नवाचार के जरिए इस कैंप में बच्चों को योग वैदिक मंत्र, हस्तशिल्प, शिष्टाचार, नृत्य - संगीत आदि की शिक्षा दी जाएगी। भारतीय गीत संगीत के साथ वेस्टर्न जुंबा डांस भी बच्चों को सिखाया जाएगा जिससे वह न सिर्फ तनाव रहित महसूस करेंगे बल्कि शारीरिक व्यायाम भी होगा। इस कैंप में महज 101 रूपये का पंजीयन शुल्क जमा कर बच्चे इसमें शामिल हो सकते है। नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट माहिष्मती घाट मंडला द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस कैंप में भेजे ताकि बच्चे ग्रीष्म का ली न अवकाश के दौरान मोबाइल की लत से दूर रहे और भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर सके।

आदर्श बालगृह प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम अंर्तगत मंड़ला में आदर्श बालगृह(बालक) संचालित है। बाल गृह के प्रबंधन समिति की बैठक बालगृह परिसर में आयोजित की गई। बैठक में प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण और आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बालगृह के अधीक्षक अकील अहमद खान ने देखभाल, आवास, कार्यकलाप के क्षेत्र, अपेक्षित अंतःक्षेप, चिकित्सा सुविधा और उपचार,भोजन पानी, स्वच्छता और साफ-सफाई की स्थितियां और मानसिक स्वास्थ्य अंतःक्षेप पर जानकारी प्रस्तुत की।बालगृह की काउंसलर कु. कीर्ति कांड्रा ने व्यक्तिगत देखभाल की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित बाल कल्याण समिति, मंड़ला के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, सदस्य सुश्री शशि पटेल और संतोष कुमार यादव, महिला एवं बाल विकास के रीतेश बघेल और सौरभ पटवा ने व्यावसायिक प्रशिक्षण, जीवन कौशल विकास कार्यक्रम, सामाजिक समावेशन, मनोरंजन, समूह कार्य गतिविधियों और दैनिक दिनचर्या पर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए ।बालगृह के संबंधित स्टॉफ को जीवन कौशल का मास्टर ट्रेनर बनाने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय करने का निर्देश दिया गया। बाल गृह के शिकायत और निवारण तंत्र के अंतर्गत स्थापित सुझाव पेटिका की जांच की गई। बैठक में बालगृह के पदाधिकारी और कर्मचारी सर्वश्री अब्दुल गनी खान, आनंद जंघेला और अशोक बंजारा,आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी राजेश कुमार सरौते उपस्थित रहे।

बीजाडांडी क्षेत्र के खुसर गाँव में 18 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

मण्डला। मण्डला के थाना बीजाडांडी क्षेत्र के खुसर गाँव में एक युवक देवेंद्र कुमार वरकड़े पिता प्रहलाद वरकड़े उम्र 18 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 16-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बीजाडांडी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक महेंद्र मार्को पायलेट उत्तम साहू ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 18 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित युवक को एफ. आर. व्ही. से शासकीय अस्पताल बीजाडांडी पहुँचाया । डायल-112/100 जवानों की तत्परता से युवक को समय पर उपचार मिला।

भाजपा मंत्रियों का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की सेना पर टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज इसको लेकर मंडला जिला एवं शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से मंत्री विजय शाह,उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने कहा कि विजय शाह ने सेना के अधिकारी का अपमान किया लेकिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उससे एक कदम आगे जाकर पूरी सेना का अपमान कर रहे हैं।

डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि भाजपा की सरकार तानाशाही कर रही है और जनप्रतिनिधियों आमजन की भावनाओं का सम्मान नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि क्या विजय शाह के बयान पर मुख्यमंत्री और भाजपा की मौन स्वीकृति है। आखिर क्यों विजय शाह से अब तक इस्तीफा नहीं लिया गया। वहीं अब जगदीश देवड़ा पर भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की चुप्पी बताती है कि क्या उनकी इन बयानों से मौन स्वीकृति है।

एड राकेश तिवारी ने आगे कहा कि हमारे नेताओं ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की मगर हमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला तब जाकर हमने विरोध प्रदर्शन पुतला दहन का निर्णय लिया। ये भाजपा की तानाशाही नहीं तो और क्या है। भाजपा और उनका नेतृत्व जनभावनाओं का भी ख्याल नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रधर्म की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ उनके मंत्री राष्ट्र की सेना का अपमान करते हैं लेकिन फिर भी उनसे इस्तीफा नहीं लिया जा रहा। हमारी मांग है कि तत्काल दोनों मंत्रियों और मंडला सांसद का इस्तीफा लिया जाए।

वहीं पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने भी सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि विजय शाह ने भारत की बेटी और जाँबाज़ सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर भद्दी टिप्पणी की। यह न सिर्फ़ देश की फौज, बल्कि उसकी सेक्युलर परंपरा और महिला अफसरों की गरिमा, तीनों पर सीधा हमला था। यही नहीं मुख्यमंत्री की चुप्पी बताता है कि वो अपने मंत्रियों को बचाने में लगे हैं। इसलिए आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री और नेताओं का पुतला भी दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित शुक्ला,जयेंद्र चौधरी, दीपेश बाजपेई, इंद्रजीत भंडारी, अखिलेश कछवाहा, अभिनव चौरसिया, संतोष भल्लावी, रजनीश रंजन उसराठे, संतोष मिश्रा,श्रीकांत कछवाहा, संजू अहिरवार, अंशुल नागवंशी, अमन लाहौरी, मौजूद रहे।

इनका कहना है:-

विजय शाह ने सेना के अधिकारी का अपमान किया लेकिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उससे एक कदम आगे जाकर पूरी सेना का अपमान कर रहे हैं। इन बयानों पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की चुप्पी का मतलब क्या उनकी मौन स्वीकृति है ?

-एड. राकेश तिवारी,
भाजपा मंत्रियों के बयान न सिर्फ़ देश की फौज, बल्कि उसकी सेक्युलर परंपरा और महिला अफसरों की गरिमा, तीनों पर सीधा हमला था।

-डॉ अशोक मर्सकोले,
पूर्व विधायक

शिविर | **काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में तीसरे वर्ष हुआ आयोजन।**

चरित्र निर्माण शिविर का हुआ भव्य समापन

*** शस्त्र के साथ शास्त्र का भी लिया ज्ञान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल, जिलहरी घाट गाजीपुर द्वारा आयोजित तीसरे वार्षिकोत्सव के अंतर्गत दिनांक 10 मई से 15 मई 2025 तक चलने वाले युवक-युवती चरित्र निर्माण शिविर का समापन समारोह अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वेदप्रकाश कुलस्ते, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, श्रीमती प्रिया धुर्वे, आचार्य सर्वेश शास्त्री (वेदयोग गुरुकुल, खंडवा), आचार्य अग्नि देव (ब्रह्मचर्यतीर्थ गुरुकुल, पंजाब), आचार्य सत्येंद्र (परली वैजनाथ गुरुकुल, महाराष्ट्र), आचार्या आर्याशा (कन्या गुरुकुल, हरियाणा), पतंजलि योग समिति के समस्त सदस्यगण तथा जिला मंडला के अनेक संगठनों के प्रतिनिधि व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समारोह में शिविरार्थियों एवं ब्रह्मचारियों द्वारा लाठी, तलवार, भाला, रस्सा मलखंब, कराटे, कलारी पट्टू जैसी पारंपरिक एवं शारीरिक कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में गुरुकुल परिवार की ओर से आए हुए सभी सम्माननीय अतिथियों, समाजसेवियों, संगठनों के सदस्यों एवं धर्मप्रेमी सज्जनों का हृदय से आभार प्रकट किया गया। यह आयोजन न केवल सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को पुनर्जीवित करने का माध्यम बना, बल्कि युवा पीढ़ी के चरित्र निर्माण में भी एक सशक्त पहल सिद्ध हुआ।

शिविर में भाग लेने जो उत्साह बालक-बालिकाओं में दिखाई दिया वह अभूतपूर्व था और शिविर के समापन पर इन बालक-बालिकाओं की यही प्रतिक्रिया रही कि शिविर इतनी जल्दी कैसें संपन्न हो गया जो शिविर के दौरान सीखा वह भविष्य में बहुत काम आने वाला है आने वाले समय में इस तरह के आयोजन और भी हो इसकी उम्मीद जताई गई।

खबर संक्षेप

मंडल की द्वितीय परीक्षा के लिए शिक्षक कर रहे गांव गांव संपर्क

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जून माह मे होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की दूसरे अवसर की परीक्षा हेतु ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उ मा विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कौरव के मार्गदर्शन मे शिक्षक छात्र छात्राओं से घर घर जाकर सम्पर्क करते हुए उन्हें परीक्षा से जुडी जानकारी से अवगत करा रहे है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस ग्राम आड़ेगांव मे शिक्षकों ने निखिल रजक, समीक्षा कौरव, रितु, शिवानी के यहाँ गृह संपर्क किया। इस अवसर पर सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, डॉ संदीप कुमार मेहरा का विशेष सहयोग रहा।

जमीन पर पटकर की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्रमा कौडिया निवासी चाय दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर में सो रहा था उसी दौरान पडौस में रहने वाला विजय कहार आया और घर के सामने चिल्लाने लगा। जब प्रार्थी द्वारा उसे इस तरह चिल्लाने से मना किया तो आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये जमीन पर पटकर मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

मोबाईल पर मेसेज करने की बात पर हुई मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के नरसिंह वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै एक राईस मिल में काम करता हूं तथा मेरे साथ ग्राम महगंवा निवासी सतीश कौरव भी काम करता है। बीते हुये दिवस सतीश कौरव द्वारा मेरे घर के फोन पर मेसेज किये जाने की बात को लेकर जब मैने उससे कहा कि मेरे घर के फोन पर मेसेज क्यों करते हो। इसी बात को लेकर सतीश कौरव द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

कार की टक्कर से तीन घायल

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम शोकलपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपने भाई दीपचंद व बबलू तीनों मोटर साईकिल से गाडरवारा मजदूरी करने के लिये आये हुये थें और शाम पांच बजे के लगभग हम जमाडा रोड एक के ढाबा के पास रोड किनारे खड़े होकर बात कर रहे थें। उसी दौरान एक एक चार पहिया वाहन क्र. MP48D0089 पाहिया कार के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते दीपचंद, बबलू यादव तथा साथी दीपांशु को चोटे अपने पर पुलिस द्वारा आरोपी चार पहिया वाहन के चालक खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

जीजा ने साले को दांत से काटकर किया घायल

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मारेगांव निवासी ज्ञानेश पिता जमना प्रसाद वर्मा उम्र 20 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी बहनोई यानि की जीजा के खिलाफ पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह सालीचौका रेता मुहल्ला साहू की दुकान के पास खड़ा था उसी दौरान बहनोई हेमंत वर्मा आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी हेमंत द्वारा कंधे के पास दांत से काटा और पास में पड़े हुये पत्थर से मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई।

दुर्दशा की शिकार हो रही क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में कैसे कर पायेंगे बच्चे अध्ययन कहां गये अधिकारियों के स्वच्छता संबंधी निर्देश, शौचालयों में गंदगी का अम्बार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत का नारा देते हुए संपूर्ण देश को स्वच्छ बनाने की सोच रखी जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि प्रधानमंत्री की सोच को अमली जामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भी संपूर्ण प्रदेश को स्वच्छ बनाने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुए गांव गांव टीमें भेजकर शौचालयों का निर्माण कराने बाद अब स्वचछता सर्वेक्षण की मुहिम शुरू कर दी गई है, जिसके चलते हमारे जिले के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021-22 में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, जिसके चलते बीते हुए कुछ माह पूर्व एक टीम द्वारा गांव गांवों पहुंचकर शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण करने की बात कही गई थी जिसकी सूचना अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले ही मिल जाने के कारण इस टीम के पहुंचने के पूर्व अपनी शिक्षण संस्थाओं के शौचालयों को नई दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर इसके बाद उन शौचालयों की क्या सच्चाई बनी हुई है इस बात का अंदाजा ग्रामीण क्षेत्रों में देखकर आसानी से लगाया जा सकता है..? वही दूसरी ओर लगभग चार वर्ष पूर्व शिक्षण संस्थाओं में भी सरकार द्वारा पक्के शौचालयों का निर्माण कराते हुए लाखों रूपया खर्च किये जा चुके है। मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो लगातार चलाई जा रही इस स्वच्छता की सत्यता का नजारा क्षेत्र के शाला भवनों में बदहाल हालत में पहुंच रहे शौचालयों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है कि आखिरकार सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च किये जा रहे पैसा मात्र एक औपचारिकता पूर्ण करते हुये शासन की राशि की होली खेलने के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? जहां अधिकारियों द्वारा आये दिन स्वच्छता का संदेश देने से नही तो नही चूकते है मगर शिक्षण संस्थाओं में फैल रही गंदगी के ओर किसी भी प्रकार का ध्यान न देना चिंता जनक सच्चाई मात्र कागजों पर चल रहे स्वच्छता अभियान को उजागर करने से नही चूक रहा है, जिसके चलते शिक्षण संस्थाओं की स्थिति को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि अधिकारियों के दिशा निर्देश सिर्फ अखबारों की सुर्खियों में छाने तक ही सीमित होकर रह रहे है। क्योंकि इस समय देखा जा रहा है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय शिक्षण संस्थाओं की स्थिति इतनी बदहाल हो रही है कि जिसके चलते जब शिक्षण संस्थाओं की शुरूआत होगी तो उनमें बच्चे तो क्या शिक्षकों को पहुंचने में भी परेशानियों का सामना से इंकार नही किया जा सकता है। अभी स्कूलों में अवकाश चलने के कारण इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है। क्योंकि लगभग पांच साल पहले शासन के आदेश अनुसार शिक्षण संस्था में शौचालय बनबाने का जो आदेश दिया गया था उसे लेकर संबंधित विभाग द्वारा शौचालयों का निर्माण करते हुए उन्हें इतना सुन्दर बनाया गया था कि उसकी कल्पना नही की जा सकती थी। मगर उनकी सच्चाई चंद दिनों बाद ही जिस प्रकार से देखने मिल रही है उसकी भी कल्पना करना भी मुश्किल होने लगा है..? क्योंकि इन शासकीय शिक्षण संस्थाओं में बीते हुए वर्षो में बनाये गये शौचालय इस प्रकार की स्थिति में पहुंच चुके है कि उनका छात्र छात्राओं सहित शाला के स्टाफ द्वारा उपयोग करने की बात तो दूर उनकी ओर झांकने से भी दहशत में देखे जाने लगे है। क्योंकि इन शौचालयों को लेकर साफ सफाई के आभाव में जहां उनके अंदर जहरीले कीडे मकोड़ो ने अपना डेरा जमा लिया गया है। वही दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं की स्थिति इतनी बदहाल हो रही है कि जब जरा सी बारिश होती है तो उनके चारों ओर बारिश का पानी भर जाने के कारण जहां बच्चों को शिक्षण संस्थाओं में बैठते हुए अध्ययन करना मुश्किल हो जाता है। जिस प्रकार से शासन से लेकर शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शौचालय निर्माण कार्यो पर जोर दिया गया था यदि वह जोर शिक्षण संस्थाओं के सुधार कार्य पर दिया गया होता तो निश्चित शिक्षण संस्थाओं की सूरत बदल गई होती। मगर चंद दिनों के लिए सुन्दर शौचालयों से सजी रहने के बाद बदहाल स्थिति में पहुंची शिक्षण संस्थाओं को लेकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि आखिर में बच्चें अपने स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए जाते है सिर्फ शौच करने के लिए नही? क्योंकि भले ही शौचालय बदहाल होते तो काम चल जाता, मगर बच्चों के लिए शिक्षण संस्थाओं की स्थिति में सुधार हो जाता तो उनको लाभ मिलता। क्योंकि पढ़ाई के दौरान चंद बच्चें ही शौचालयों का उपयोग करते है..? जबकि शिक्षण संस्थाएं शौचालय के आलवा जिस तरह अन्य कमियों से जूझती है तो सभी बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके चलते उनकी पढ़ाई पर विपरित असर पड़ता है। इस प्रकार की स्थिति के चलते लोगों का कहना है कि शौचालयों की सुन्दरता से अधिक जरूरत शिक्षण संस्थाओं के सुधार में ज्यादा महसूस की जा रही है जहां पर बैठकर बच्चों को अपनी पढ़ाई करना पड़ती है। मगर पता नही क्यों शासन द्वारा इस समय शिक्षण संस्थाओं के सुधार की जगह उनके शौचालयों पर ज्याद ध्यान देने में लगा दिया गया था और लगभग हर स्कूल में शौचालयों के नाम पर खर्च की गई राशि की गफलतबाजी बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हुये यह शौचालय खुद ही अपने आप बताने से नही चूक रहे है जिसके चलते इन शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले बच्चों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसी का परिणाम है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षण संस्थाओं स्थिति इनती बदहाल होती हुई देखी जा रही है जहां हर वर्ष सरकार द्वारा लाखों रूपया खर्च करने के बाद अनुपयोगी साबित हो रहे है। यह बात अलग है कि शासन के आदेश अनुसार बीते हुये लगभग पांच वर्ष पहले क्षेत्र की हर शिक्षण संस्था में लाखों रूपया खर्च करते हुये शौचालयों का निर्माण कराते हुए उन्हें सुन्दर बना दिया गया है।

एनटीपीसी की सुरक्षा व्यवस्था को चॉक-चौबंध किये सीआईएसएफ के जवान, आये दिन होते हुये देखी जाती है मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

अक्सर देखा जाता है कि जब किसी बडे उद्योग हो या फर संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों के हाथों में होती है तो वहां पर पर भी पंख नही मार सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ एनटीपीसी पावर प्लांट में देखने मिल रही है। जहां पर तैनात सीआईएसएफ के जवानों को तैनात रहते हुये यहां की निगरानी करते हुये देखा जाता है तो ऐसा महसूस होने से नही चूकता कि कही हम किसी देश की वार्डर पर तो नही पहुंच गये है...? क्योंकि एनटीपीसी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की सुरक्षा में तैनात CISF द्वारा वर्तमान परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुये सुरक्षा को चॉक चौबंध बनाकर सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओ का विशेष ध्यान देते हुये देखा जा रहा है। वही सभी अति-संवेदनशील स्थलों को सर्तक किया गया है एवं पिछले कुछ गेटों पर संयंत्र के अंदर आने वाले वाहनों, कर्मचारियों एवं लेबरो की सगनता से चेकिंग-फ्रिस्किंग की जा रही है। बताया जाता है कि एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ एवं लोकल पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लगातार बैठको का आयोजन किया जाता है। जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना किया जा सके। इतना ही नही उपरोक्त परिसर में प्रवेश हेतु नियंत्रण (एक्सेस कंट्रोल) की व्यवस्था का आंकलन कर आवश्यकतानुसार उसे बढाने की कार्यवाही की गई है। सवेंदनशील एनटीपीसी संस्थान के आसपास संदिग्ध व्यक्यिों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाने के साथ ही पुलिस एवं सीआईएसएफ द्वारा संयुक्त रूप से एनटीपीसी संयंत्र के आसपास रात्रि गस्त को भी कुछ दिनों से बढाया गया है और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुये सतर्कता में किसी तरह की छूट प्रदान नही की जा रही है। वही वर्तमान में देश की स्थिति को ध्यान में रखते हुये आपातकालीन स्थिति में संयंत्र के अंदर कार्यरत कर्मचारियों, ठेका श्रमिको की सुरक्षा हेतु लगातार मॉकड्रिल का आयोजन सीआईएसएफ द्वारा किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति होने पर आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुये संयंत्र की सुरक्षा किसी भी प्रकार प्रभावित न हो सके।

घर में सेंध लगाते हुये अज्ञात चोरों ने पार किये सोने चांदी के जेवर

हरिभूमि न्यूज/चीचली। जिस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में शराब सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थो का अवैध कारोबार बढ़ रहा है उसका परिणाम है कि चोरी जैसी घटनाये भी आम होती जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम डोगरगांव में देखने मिली जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में सेंध लगाते हुये सोने चांदी के जेबर पर कर लिये गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम डोगरगांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे दो मकान है, जिसमें एक मकान पुराना खपरैल वाला है तथा एक मकान पक्का हैं। खपरैल वाले पुराने मकान में परिवार का खाना पीना होता है व अधिकतर समय पुराने मकान मे ही मेरे परिवार के सभी लोगो समय बीतता है। रात्रि में खाना पीना खाकर नये मकान मे सभी लोग सोने चले जाते है। पुराने मकान मे पुरानी बिस्तर पेटी रखी है।

पुलिस ने एक के पास से जप्त किया देशी कट्टा सहित जिन्दा कारतूस

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये जहां पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध धंधों में कृत्य रहने वालों सहित गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल एवं कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक विक्रम रजक के साथ एस आई नीलेश बडकुर, सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे, प्रधान आरक्षक भास्कर कौरव, आरक्षक बाल कृष्ण रघुवंशी बल्लू, दिनेश पटैल, शिवा राजपूत व महिला आरक्षक नेहा पटैल की टीम जब किसी अपराध की विवेचना के लिये जा रही थी उसी दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करते हुये दिखाई देने के चलते पुलिस द्वारा घेराबंदी करते हुये युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम रितिक पिता पप्पू कुचबंदिया उम्र 20 साल निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा बताया गया। वही पकड़े गये रितिक की जब पुलिस ने तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस कीमती करीबन 10,000 रुपए पाये जाने पर पुलिस ने देशी कट्टा व कारतूस को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(a),25(1)(b),27 के तहत मामला कायम करते हुये आरोपी को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस तरह काफी लम्बे अंतराल के बाद पुलिस द्वारा तत्वों के खिलाफ जिस तरह अपना डंडा घुमाना शुरू किया गया है। यदि पुलिस की कार्यवाही इसी प्रकार से लगातार जारी रही तो निश्चित नगर में काफी हद तक सुधार देखने मिल सकता है।

गायत्री मंदिर में मैजिकल लाइफ पैटर्निंग टेक्निक प्रशिक्षण आयोजित

गाडरवारा। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में लाइफ चैंजिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत गायत्री परिवार द्वारा मैजिक लाइफ पैटर्निंग टेक्निक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस तरह एक दिवसीय प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर लखनादौन से आये प्रीतम सिंह पटेल द्वारा नकारात्मकता को डिलीट करने एवं सकारात्मकता को एक्टिव करने की माइंड कमांड प्रोसेस की प्रक्रिया को सहभागियों सहित करके दिखाया गया। वही बताया जाता है कि इस प्रक्रिया के अभ्यास से आर्थिक, सामाजिक तथा नैतिक आध्यात्म सहित सभी क्षेत्रों में उपलब्धि मिलने, निरोगता, बुद्धि तीव्रता के लिए कारगर बताया गया। शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम मां गायत्री पूजन के साथ तहसील समन्वयक राजेश कौरव, विनोद श्रीवास्तव द्वारा मास्टर ट्रेनर तथा सभी उपस्थित सहभागियों का तिलक पुष्पहार से स्वागत किया। वही ड्रॉ राजेन्द्र दुबे द्वारा प्रशिक्षण माड्यूल पर चर्चा की गई तत्पश्चात पूर्ण शांत वातावरण में प्रशिक्षण संचालित किया गया। प्रशिक्षक पटेल ने बताया कि मैजिकल लाइफ पैटर्निंग के अद्भुत सफर से जीवन में सुख शांति समृद्धि सभी कुछ पाया जा सकता है। यह कोई कल्पना नहीं, साधारण तकनीक नहीं, बल्कि एक विज्ञान और मनोविज्ञान पर आधारित माइंड कमांड प्रक्रिया है जो आपके विचारों, भावनाओं और आदतों के सकारात्मक पक्ष को मजबूती प्रदान करती है।

न्यायालय श्रीमान तृतीय जिला न्यायाधीश महोदय गाडरवारा (श्री पंकज जायसवाल)

जुलेखा बी.....अपीलार्थी
वनाम
कृष्ण कुमार वगैरह.....उत्तरवादीगण
पे. स. न. 296/2025
RCA - 8/2024
पेशी दिनांक - 14/06/2025
आदेश दिनांक - 06/05/2025

इश्तहार आम जनता को सूचना बावत

इस न्यायालय में जुलेखा बी पत्नी निजामुद्दीन निवासी लिंगा पिपरिया, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.) द्वारा RCA-8/2024 न्यायालय श्रीमान तृतीय जिला न्यायाधीश गाडरवारा के न्यायालय में अपनी प्रस्तुत की है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/06/2025 को रखी गई है, यदि आप कृष्ण कुमार उम्र 42 वर्ष आत्मज शंकर लाल श्रीवास्तव, निवासी मढ़ेसुर, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.) उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहते है तो उक्त सुनवाई तिथि के पूर्वाहन 11:00 बजे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है यदि पेशी दिनांक 14/06/2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है या शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी। आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

गाडरवारा
दिनांक- 13/05/2025
(पंकज जायसवाल)
सील
तृतीय जिला न्यायाधीश
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

खबर संक्षेप

ग्राम पंचायत छांटा सचिव निलंबित, शिकायतों की अनदेखी पड़ी भारी

डिंडौरी न्यूज। जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदी में पदस्थ सचिव ज्ञान सिंह ठाकुर को ड्यूटी से लगातार 10 दिनों तक अनुपस्थित रहने और शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।जिला पंचायत डिण्डोरी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, ज्ञान ठाकुर 21 अप्रैल 2025 से 6 मई 2025 तक अपने कार्यालय/मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। उनकी अनुपस्थिति की पुष्टि सार्थक पोर्टल से की गई। इसके साथ ही न तो पंचायत कार्यालय में और न ही मोबाइल फोन के माध्यम से उनसे कोई संपर्क स्थापित हो सका।सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत छांटा में योजनाओं के संचालन और जनशिकायतों के निराकरण में भारी लापरवाही सामने आई है। अप्रैल माह में पंचायत में कुल 19 शिकायतें लंबित पाई गईं, जो अन्य ग्राम पंचायतों की तुलना में सर्वाधिक हैं। इस लापरवाही से पंचायत की छवि को भी नुकसान पहुंचा है।प्रशासन ने ज्ञान सिंह ठाकुर को पहले 9 मई को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा था, लेकिन निर्धारित समयावधि तक कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद जिला पंचायत ने म.प्र. शासन के सेवा नियम 2011 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया।निलंबन की अवधि में ज्ञान सिंह ठाकुर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा, एवं उनका मुख्यालय जनपद पंचायत समनापुर नियत किया गया है।

आरसी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

चचाई। विगत दिनो सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरसी इंग्लिश मीडियम स्कूल के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर व जिले को गौरवान्वित किया कक्षा 12वीं में छात्र आदर्श दीवान पिता विज्ञान शंकर दीवान ने 95% अंक अर्जित कर प्रथम रैंक के साथ विद्यालय व जिले में स्थान बनाया इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रभांशु तिवारी 76% अंक, विवेक राजभर 71.6 अंक, हरमायनी गुप्ता ने 71.2% अंक, अंशिका पाल ने 65.6% एवं जतिन कुमार यादव भी 65.6 % अंक के साथ विद्यालय में पांचवें स्थान पर रहे ।वहीं हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय की पीहू शर्मा 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर आस्था मौर्या 80.6% के साथ द्वितीय स्थान अनन्या रजक 78.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान प्रांजल गुप्ता 76.2% अंक के साथ चौथे व वैष्णवी गुप्ता 73.2% अंक के साथ पांचवें स्थान पर रही।

कलेक्टर श्रीमती दीपशिखा भगत प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ पदस्थ

अनूपपुर। श्रीमती दीपशिखा भगत, रा.प्र.से. संयुक्त कलेक्टर (आरआर-2017), जिला-अनूपपुर, मध्यप्रदेश की सेवाये चार वर्षों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर सौंपी जाने की सहमति कार्मिक, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक 749/पी-2242632/2024/दो/एक, दिनांक 20.03.2025 में उल्लेखित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है। जिस पर राज्य शासन द्वारा श्रीमती दीपशिखा भगत की सेवाये चार वर्षों के लिए छत्तीसगढ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर में लेते हुए, अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-8) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

जिले में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिये लगेंगे शिविर

अनूपपुर। जिले में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेवा पुस्तिका का 02 प्रतियों में नस्ती सहित संधारण किया जाएगा। जिसमें नामिनी दर्ज कराने एवं संयुक्त फोटो सेवा पुस्तिका में लगाने, परिवार सूची अद्यतन करने तथा नियुक्ति क्रमोन्नति, पदोन्नति, योग्यता, समयमान वेतनमान, आधार कार्ड, पैनकार्ड, समग्र आई.डी. अद्यतन करने की कार्यवाही की जाएगी एवं चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश आदि का लेखा संधारण किया जाएगा। शिविर के दौरान क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, वेतन निर्धारण, वसूली निर्धारण से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा।

रिश्वतखोरी और अन्याय के खिलाफ कलेक्टर से लगाई गुहार

सफाई कर्मी ने खोली बैंक मैनेजर की रिश्वतखोरी की परतें

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।

जिले के मेहंदवानी स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत सफाई कर्मचारी अजय दास लारिया ने बैंक में चल रही कथित रिश्वतखोरी और मनमानी के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बैंक मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की है, जिसमें रिश्वत लेने, शोषण और मनमाने ढंग से नौकरी से निकालने का जिक्र है।

अजय लारिया, जो वर्ष 2012 से बैंक में झाड़ू-पोंछा, सफाई, पानी लाने और फाइल व्यवस्था जैसे कार्यों में लगे हुए थे, ने बताया कि वर्ष 2021 से बैंक मैनेजर संजीव डोंगरे और वर्तमान मैनेजर मनीष कुमार सनौदिया द्वारा लोन पास कराने के एवज में हितग्राहियों से रिश्वत ली जाती थी। आरोप है कि इस कार्य में सफाई कर्मचारी का उपयोग किया जाता था। अजय का कहना है कि मैनेजर द्वारा उसे निर्देशित किया जाता था कि वह हितग्राहियों से "खर्चा" के नाम पर पैसे वसूले और अपनी पत्नी तुलसी के नाम से खुले खाते में जमा करवाए। बाद में ये पैसे निकालकर मैनेजर को दे दिए जाते थे। शिकायत में अजय ने इस खाते की

जानकारी भी दी है।

एक मामला जिसने किया सब उजागर

23 अप्रैल को बजरू सिंह भारतीया नामक ग्रामीण का 15 लाख रुपए का लोन पास हुआ था। मैनेजर द्वारा अजय को निर्देशित किया गया कि बजरू से 7000 "खर्चा" लिया जाए। अजय ने वह रकम ली, लेकिन उसी समय उसकी पत्नी की डिलीवरी थी, जिससे उसने 5000 इलाज में खर्च कर दिए और शेष 2000 बैंक मैनेजर को दे दिए। इस पर जब उसने मैनेजर को जानकारी दी और बाकी पैसे वेतन से काटने की बात कही, तो मैनेजर बुरी तरह नाराज हो गए।

फोन पर मिला नौकरी से बाहर होने का आदेश

5 मई की सुबह करीब 9:15 बजे बैंक के कर्मचारी शारदा प्रसाद मिश्रा ने अजय को फोन कर सूचित किया कि बैंक मैनेजर के आदेशानुसार अब से उसे बैंक नहीं आना है। उसके बाद से अजय की सेवा समाप्त कर दी गई और उसे बिना किसी नोटिस या वैधानिक प्रक्रिया के नौकरी से निकाल दिया गया।

वीडियो से मिले अहम सुराग

मामले को और गंभीर बनाते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक शिक्षक खुले तौर पर यह स्वीकार कर रहा है कि उसने बैंक मैनेजर को लोन पास कराने के बदले 7000 की रिश्वत दी थी। इस वीडियो से बैंक मैनेजर पर लगे आरोपों को बल मिला है।

कलेक्टर से न्याय की मांग

अब अजय लारिया अपनी पत्नी और नवजात बच्चे के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचा है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। अजय का कहना है कि वह वर्षों से बैंक की सेवा कर रहा था और इस प्रकार बिना सुनवाई के नौकरी से निकालना न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि उसके परिवार की आजीविका पर भी संकट है।

युवक की बेरहमी से पिटाई करने वाले 2 पुलिस आरक्षक निलंबित

डिंडौरी न्यूज।

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करौंदी निवासी मंगल चक्रवर्ती ने थाना शहपुरा में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत किया था । मंगल चक्रवर्ती ने आरोप लगाया है कि 12 मई 2025 की रात वे अपने गांव लौट रहे थे, जब शहपुरा पेट्रोल पंप के पास पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और बिना किसी कारण के मारपीट की।शिकायत के अनुसार, रात्रि गश्त पर मौजूद एएसआई घसीटालाल रजक, आरक्षक चालक संदीप चतुर्वेदी तथा एक अन्य अज्ञात पुलिसकर्मी ने चक्रवर्ती को उस समय रोका जब वे अपने साले की

शादी से भाई के बच्चे के साथ घर करौंदी लौट रहे थे। आरोप है कि संदीप चतुर्वेदी नशे की हालत में था और गाली-गलौच पर उतर आया। विरोध करने पर पुलिसकर्मियों ने चक्रवर्ती के साथ लाठी, डंडों और जूतों से मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ने उक्त शिकायत की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए आर0 चालक 205 संदीप चतुर्वेदी थाना शहपुरा एवं आर0 876 अनुप बागरी, थाना शहपुरा 36वीं वाहिनी 'सी' कंपनी बालाघाट को तत्काल निलंबित कर रक्षित केन्द्र डिंडोरी संलग्नकिया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। रक्षित केन्द्र डिंडोरी में ली जाने वाली समस्त गणनाओं में उपस्थित रहेंगे तथा बगैर अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंने के आदेश जारी किया हैं ।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

श्रद्धा चंदेल ने 94.40% के साथ मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध करते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार 100% परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त की, बल्कि उच्चतम अंकों के साथ जिले का गौरव भी बढ़ाया।

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में श्रद्धा चंदेल बनीं टॉपर

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुल 24 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से छात्रा श्रद्धा चंदेल ने 94.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके बाद कृतिका सुबनानी ने 90.40% के साथ द्वितीय स्थान और प्रिंस गुप्ता ने 85.80% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10वीं में भी शानदार प्रदर्शन

कक्षा 10वीं में कुल 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें शौर्य जैन ने 92.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, स्नेहा श्रीवास्तव ने 91% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और शुभ नामदेव ने 89.8% के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रभारी प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य तन्मय सुहाने ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

समर्पण और अनुशासन की मिसाल बना विद्यालय

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी ने लगातार उत्कृष्ट परिणाम देकर यह साबित कर दिया है कि जब शिक्षण संस्थान, विद्यार्थी और अभिभावक एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से विद्यालय ने जिले में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परचम लहराया है।

जिले में धड़ल्ले से हो रहा बिजली का दुरूपयोग

ग्रामीण क्षेत्रों में रात दिन जल रहे बिजली के बल्ब

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।

कहने को तो ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं ।लेकिन यह बात पूरी तरह सही नहीं है।विगत दिनों जब समनापुर,और अमरपुर तथा डिंडोरी के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे किया गया तो देखने में आया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिन में भी घर के बाहर बिजली का उपयोग करते देखे गए।

जिला मुख्यालय से किसी भी ओर 5 किमी दूर चले जाएं ग्रामीण क्षेत्र लग जाता है और यहां धड़ल्ले से बिजली का दुरूपयोग होते देखा जा सकता है।दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर बिजली उपभोक्ता बिजली बिल जमा ही नहीं करते और ये लोग ही बिजली का दुरूपयोग करते हैं बिजली बंद तो लाइट बंद बिजली चालू तो इनके घरों में लाइट चालू।बल्ब रात दिन से जलते रहते हैं बिना किसी रोक टोक

के ।ये उपभोक्ता वो हैं जो चुनावी सीजन और बिजली बिल माफ होने का इंतजार करते रहते हैं और बिल जमा नहीं करते ।ग्रामीण क्षेत्रों मे महज 25%बिजली उपभोक्ता बिजली बिल जमा करते हैं।

ऐसी स्थिति में बिजली के इनपुट आउटपुट पर जबरदस्त प्रभाव पड़ता है।क्योंकि ज्यादातर घरों में मीटर नहीं लगे या बंद पड़े हैं जिससे औसत बिजली बिल 100 रु मासिक आता है।इसका कारण ज्यादातर बिजली कनेक्शन एक किलो वॉट से कम भार के हैं जिसमें 150 यूनिट प्रतिकिलो वॉट के हिसाब से बिलिंग होती है लेकिन महज 10 % कनेक्शन में ही भार 1 किलोवॉट से अधिक हो सकता है।

कुल मिलाकर कहानी लाइन लॉस की तरफ इशारा करती है।लाइन लॉस बढ़ने से कंपनी को नुकसान और कंपनी नुकसान दिखाकर बिजली के दाम बढ़ाने की सिफारिश कर देती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लाइन लॉस रोकने में असमर्थ नजर आती है।एक अनुमान के मुताबिक जिले में लगभग 75% कनेक्शन बिना मीटर के औसत बिलिंग के आधार पर चल रहे हैं।जिनमें लोड के आधार पर बिलिंग होती है।एक प्रकार से जो उपभोक्ता 100 यूनिट तक बिजली खपत करता है उसका तो ठीक है लेकिन जो उपभोक्ता 200 या उससे अधिक यूनिट बिजली खपत करता है उसका बिल भी 100 ही आता है क्योंकि औसत बिल लोड के आधार पर ही आता है।जिले में जागरूकता का अभावहै जहां बिजली की जरूरत है वहीं बिजली का उपयोग करें । बिजली का दुरूपयोग कतई न करें ।

अधीक्षण अभियंता मोहम्मद आरिफ कुरैशी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बिजली का दुरूपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को समझाइश दें ।जिन क्षेत्रों में उपभोक्ता बिजली का दुरूपयोग करते पाए जाएंगे उन क्षेत्रों के कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।जल्द ही पूरे जिले में अन मीटर कनेक्शनो में मीटर लगाने की व्यवस्था की जाएगी ।जिससे लोगों को खपत के अनुसार वास्तविक बिल प्राप्त हो सके।

पत्रकार न्याय यात्रा का अनूपपुर में स्वागत कर दिया गया समर्थन

पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने को लेकर बालाघाट के 7 पत्रकारों ने निकाली न्याय यात्रा

अनूपपुर।

पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर 15 मई को बालाघाट से निकली पत्रकार न्याय यात्रा 16 मई को अनूपपुर पहुंची। जहां राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा इंदिरा तिराहा स्थित रेस्ट हाउस में पत्रकार न्याय यात्रा का स्वागत करते हुए बैठक आयोजित कर उन्हे अपना पूर्ण समर्थन दिया गया। पत्रकार न्याय यात्रा के संयोजक हिमांशु जैन ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर इस न्याय यात्रा को निकाला गया है, जो 11 जिलों के पत्रकारों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में हस्ताक्षर कराने के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समर्थन पत्र लेकर आगे बढ़ती जायेगी और अंत में भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंप कर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग रखी जायेगी। पत्रकार न्याय यात्रा की मांग को लेकर बालाघाट से निकले 6 पत्रकारों जिनमें हिमांशु जैन, आशीष भगत, विजय मिश्रा, मिलिंद्र ठाकरे, अंकुश चौहान सहित रोहित नायडू प्रदेश के 11 जिलों यात्रा करते हुए वहां के पत्रकारों से मिलकर पत्रकार हित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनका समर्थन प्राप्त कर मुख्यमंत्री से भेंट कर पत्रकार सुरक्षा कानून की जल्द से जल्द लागू किये जाने की मांगों का रखा जाएगा। जिससे समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके और पत्रकार निर्भिक होकर स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता कर सके। उन्होने बताया कि पत्रकार न्याय यात्रा का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा है, जिसमें पुलिस मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक पु.मु./शिका./रामाआआ 6462, दिनांक 12 दिसम्बर 2017 के अनुसार पत्रकारों के विरूद्ध कायम किये गए प्रकरणों के संबंध में यह निर्णय लिया था कि यदि किसी भी चाहे वह अभिस्वीकृत पत्र प्रतिनिधि या संवाददाता हो के विरूद्ध कोई भी प्रकरण पंजीबद्ध किया जाता है तो उन प्रकरणों के चालान किये जाने के पूर्व प्रकरणों पर उपलब्ध साक्ष्य की समीक्षा संबंधित पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक करे और स्वयं को आश्वस्त कर ले। कोई भी प्रकरण दुर्भावनावश कायम किया जाना पाया गया है तो तत्काल उनको समाप्त करने के निर्देश जावे और संबंधित पुलिस अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावे। बगैर समीक्षा किये हुए प्रकरण का चालान न्यायालय में प्रस्तुत ना किया जावे।

शराब पीने के बाद घटित हुई घटना, संदेहियों से पूछताछ कर पुलिस ने शुरू की जांच

शराबी ने ली शराबी दोस्त की जान

हत्या के दोषियों को गिरफ्तार करने व ढाबे को बंद कार्यवाही की मांग को लेकर 2 घंटे तक हाईवे जाम

एसडीएम एवं एसडीओपी ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज, कोतमा।

शुक्रवार की दोपहर हाईवे के समीप संचालित ढाबे में शराब पीने के दौरान उपजे विवाद के बाद मारपीट किए जाने से बुढ़ानपुर निवासी हंसराज महरा 48 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। शरीर में जगह जगह आई चोट के निशान के बाद आक्रोशित परिजनों के द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए शनिवार को दोपहर 2 घंटे तक शव को हाइवे में रखकर जाम कर दिया। हत्यारो की गिरफ्तारी एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह सहित भालूमाडा, बिजरी, यातायात हाईवे प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुंच गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार को हंसराज महरा एवं तीन लोग हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे में बैठकर जमकर शराब पिए थे। उसी दौरान मारपीट की भी घटना हुई थी। मारपीट के कुछ देर बाद हंसराज का शव पाया गया।

आरोपियों की गिरफ्तारी एवं ढाबा पर कार्यवाही की मांग

2 घंटे तक चले जाम एवं प्रदर्शन के दौरान मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने एवं अपराध का पर्याय बन चुके ढाबे को बंद कराते हुए कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। एसडीएम एवं एसडीओपी द्वारा जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अवैध ढाबो पर कार्यवाही का भरोसे दिलाए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ।

लहसुना, गोविंदा जमुना में काटे गए लगभग 6 सौ अवैध कनेक्शन

प्रबंधन की सक्रियता से अवैध विद्युत कनेक्शनधारियों में हड़कंप

जमुना/बदरा। एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के लहसुन गोविंदा जमुना में 16 मई 2025 को चंदेश्वर दयाल एस ओ ई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कोतमा क्षेत्र में लगभग 6 सौ अवैध विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया 16 मई 2025 को महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में

सुधीर कुमार इंजीनियर मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी प्रदीप शर्मा सुपरवाइजर हरजेश शर्मा सुपरवाइजर राम बहोरी इलेक्ट्रीशियन राम भजन हेल्पर संतोष बर्मा ड्राइवर मुन्नी बाई भारद्वाज चौधरी सुरेंद्र चतुर्वेदी अरुण सिंह भारत त्यागी नरेश कोटागले देवेंद्र सिंह अनूप जायसवाल मुन्नू अनवर अली रामाधार भोला केवट गुड्डा व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

10

जबलपुर, रविवार 18 मई 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

25 को मनाई जाएगी भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापना वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्थानीय नरसिंह मंदिर में पंचमुखी बीजापूर भगवान श्री गणेश की मूर्ति के स्थापना के 25 मई को दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना वर्षगांठ मनाई जाएगी। श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 25 मई को प्रातः 8:30 बजे से भगवान श्री गणेश का अभिषेक अर्चन, शाम 7 बजे महाआरती, प्रसाद वितरण एवं रात 8 बजे से भजन संध्या होगी। कार्यक्रमों में सभी से उपस्थिती ,सहयोग एवं सहभागिता की अपील श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट, जाट युवा मोर्चा, श्री मित्र गणेश मंडल ने की है। विदित हो कि 25 मई 2023 को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य और मार्गदर्शन में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नरसिंह मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की पंचमुखी मूर्ति की स्थापना हुई थी।

मातृशक्तियों को किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। हमारी भारतीय सेना के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में हमारे देश की माताओं बहनों के उजाड़े गए सिंदूर का बदला लेने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया जो कि हमारे सैनिकों के अदम्य साहस एवं वीरता के कारण सफल रहा इस ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश की सेना ने जो साहस वीरता और अद्भुत दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय दिया उसके लिए समूचा देश सदैव ऋणी रहेगा उनके इस साहसपूर्ण ऑपरेशन जिनके कारण माताओं बहनों के सिंदूर का बदला लिया गया उसको नमन करते हुए आज भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय नरसिंहपुर में जाकर सैनिक का सम्मान किया गया उपस्थित मात्रशक्तियों ने सभी सैनिकों को सिंदूर से तिलक कर शॉल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया।

करंट लगने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस घर पर काम करते समय महिला को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डाली सोनी पति तरूण सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी बरहटा थाना मुंगवानी को घर पर काम करते समय करंट लग गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

वर्चुअल लैब का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कक्षा 10वीं में विज्ञान विषय का अध्यापन कार्य कराने वाले जिले के समस्त विज्ञान शिक्षकों हेतु वर्चुअल लैब का 03 दिवसीय प्रशिक्षण पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिहपुर में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर मनीष शर्मा, तरुण मालवीय नरसिहपुर एवं तपिश कटरे, दिनेश गौतम सिवनी द्वारा साफ्टवेयर एक्स लर्निंग, एच टी एम एल कोडिंग, एल्गो, जियो जेबरा विषय संबंधी विज्ञान शिक्षकों को वर्चुअल लैब प्रशिक्षण स्मार्ट क्लास एवं कम्प्यूटर लैब द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के अवलोकन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वर्चुअल लैब के लाभ जैसे सुलभताः विद्यार्थी किसी भी समय और स्थान से वर्चुअल लैब का उपयोग कर सकते हैं। लचीलापन विभिन्न संयोजनों और परिस्थितियों में प्रयोग करने की स्वतंत्रता तथा जोखिम भरे प्रयोगों को बिना किसी खतरे के किया जा सकता है। उपलब्धता विद्यार्थियों और शिक्षकों को 24 घंटे असीमित पहुंच के साथ किसी भी स्थान से और किसी भी समय अपने प्रयोगों का अध्ययन और तैयारी करने में सक्षम बनाती है।

कांग्रेस ने मंत्री शाह का फूंका पुतला
नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ता प पदाधिकारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुये सुभाष पार्क चौराहे पर मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि मंत्री विजय शाह द्वारा अपने भाषण के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी एवं सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। जिससे राजनैतिक मामला गर्माया हुआ तथा मामले मे हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन प्रशासन द्वारा उक्त मामले मे सुस्ती बरती जा रही है। जिसे लेकर कांग्रेस द्वारा जिला व तहसील स्तर पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

नारेबाजी कर किया पुतला दहन

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और पुतले पर चप्पलें मारी। पुतला दहन करते समय पुलिस बल ने पुतला जलने से रोकने का प्रयाय करते हुए जलते हुए पुतले को अपने कब्जे में लिया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री विजय शाह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते के खिलाफ भी नारेबाजी की।

भाजपा द्वारा नही की जा रही कार्रवाई

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि बेहद अफसोस का विषय है कि जब सारा देश सेना के साथ है ऐसे समय में भाजपा के नेता लगातार सेवा के उच्च अधिकारियों और जवानों को अपमानित कर रही है। इससे जाहिर होता है यही बीजेपी की विचारधारा है। वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि 5 दिन के बाद भी मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं इससे स्पष्ट होता है कि इस आदमी को उच्च स्तरीय संरक्षण प्राप्त है।

सेना का तोड़ा मनोबल

कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियो ने कहा कि यदि हाईकोर्ट स्वयं संज्ञान नही लेता तो एफ आई दर्ज करने की औपचारिकता भी नहीं हो पाती। विजय शाह के अलावा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी सेना का अपमान कर मनोबल तोड़ रहे हैं। स्पष्ट है कि भाजपा का नकली राष्ट्रवाद है भाजपा सिर्फ उन्माद फैलाना जानती है। उक्त मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू, संतोष शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, नारायण महोबिया, अभिषेक शर्मा डॉ राजकुमार नेमा, मिक्की राय, रफीक खान, सोहन रैकवार, सुरेश ठाकुर, अमित शुक्ला,सोहन रैकवार, हरीश पांडे ,मानसिंह मांझी ,अमित शुक्ला, कैलाश नोरिया गब्बर बबलू खान देवेंद्र विश्वकर्मा आकिब खान अमित साहू के अलावा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

करेली मे किया गया पुतला दहन

जिले के करेली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन मंत्री द्वारा महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के खिलाफ किया गया। करेली कांग्रेस ने मंत्री शाह के बयान को सेना और देश की बेटियों के सम्मान के विरुद्ध बताया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री शाह को मंत्रिमंडल से हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन बरमान चौराहे पर किया गया। इसमें कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल हुए। वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस और आईटी सेल के कार्यकर्ता मौजूद थे। नेताओं ने चेतावनी दी कि सेना का अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक मंत्री शाह माफी नहीं मांगते और इस्तीफा नहीं देते, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के विरूद्ध प्रभारी मंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के विरूद्ध शिकायत दी गई। आवेदन द्वय अंशुल ठाकुर एवं सिद्धार्थ पचौरी द्वारा दिये गए आवेदन मे बताया गया है कि नगर मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव से मैत्रीपूर्ण संबंध थे। पारिवारिक जरूरतों के चलते लेनदेन के कारण मनमुटाव हो गया। हालांकि लेन देन के मामले के चलते चेक बाउंस का प्रकरण भी न्यायालय मे विचाराधीन है।

जिसके कारण मेरे साथ द्वेष रखता है। शिवम श्रीवास्तव वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा का नगर मंडल अध्यक्ष है जो कि राजनैतिक लोगों से संरक्षण प्राप्त होने के कारण उसका पुलिस थानों में दलाली का काम भी करता है तथा अपने राजनैतिक दबदबा से मुझ पर झूठा गंभीर मामला बनवाने की फिराक में है। शिवम श्रीवास्तव के साथ जाहिद खान, आसिफ खान, शहर बानो उर्फ शिफा खान भी सहयोगी है। सभी के द्वारा मिलकर मेरे खिलाफ बार बार झूठी शिकायतें करवाई जा रही है जिससे मै बहुत परेशान हो गया हूं तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा हूं आवेदकों द्वारा प्रभारी मंत्री को शिकयत देकर कार्रवाई की मांग की गई। प्रभारी मंत्री द्वारा आवेदन लेकर आवेदकों को आश्सवासन देकर कार्रवाई की बात कही गई। अब देखना होना भाजपा द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है या रसूखदार कार्यकर्ता के आगे सभी नतमस्तक रहेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए शनिवार को नरसिंहपुर नगर में विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की तादाद में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, तिरंगा दल, युवा वर्ग, मातृशक्ति, नागरिक, बुजुर्ग और सभी धर्मो के धर्मगुरु इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। नगर के सुभाष पार्क चैराहे से पैदल तिरंगा यात्रा शुरु हुई। यह तिरंगा यात्रा सुभाष पार्क से इतवारा बाजार, अष्टांग तिगड्डा, सांकल तिराहा, सुनका चैराहा, राम मंदिर, मेन रोड सिंहपुर चैराहा, हरेराम धर्मशाला के सामने से होते हुए वापस सुभाष पार्क में समाप्त हुई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथो में तिरंगा थामे हिंदुस्तान जिंदाबाद,भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ में देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है। नगर में निकाली गई इस विशाल तिरंगा यात्रा को देखने के लिए जहां नागरिकों का हुजूम उमड़ रहा था। उनके मन में देशभक्ति का प्रेम स्वतरू आने पर इस यात्रा में शामिल हो रहे थे। वहीं दूसरी ओर नागरिकों ने फूल वर्षा करके, शीतल पेय और फल वितरित कर इस तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के पूर्व सुभाष पार्क में स्थित शौर्य स्मारक में पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजगुरु, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल को फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा के पश्चात सुभाष पार्क में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत जाट, गोटेगांव नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक और अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने पूर्व सैनिकों को फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने संयुक्त रूप से भारत माता की आरती की। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के वीर सैनिकों को सम्मान देना तथा देशभक्ति की भावना को सशक्त करना था। यह यात्रा उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित किया। यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय जन सुरक्षा मंच नरसिंहपुर के तत्वाधान में निकाली गई।

1720 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य विगत 11 मई से शुरू हो गया है। बरमान परिक्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा क्षेत्र में इस बार 1720 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार 11 फड़ो के माध्यम से अभी तक 1300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण हो चुका है।स्मरण रहे कि मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुए उत्कृष्ट पत्ते को लेकर संशय पूर्ण स्तिथि बनीं हुई थी लेकिन अधिकारियों का कहना है कि पत्ता अच्छी स्थिति में है। गौरतलब रहे कि मौसम की प्रतिकूलता के चलते लाल पत्ता माता वाले पत्ते भी मिला करते हैं। लेकिन संग्राहकों से अच्छा पत्ता लाने के लिए बोला जा रहा है। तीन चार दिन में लगभग लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा ऐसी उम्मीद है।

केरियर मार्गदर्शन की जरूरत

तेंदूखेड़ा। विगत दिनों हायर सेकंडरी और हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित हो चूके हैं। हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्रों को आगे हायर सेकंडरी स्कूल में दाखिला लेने से पहले उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार कौन सा विषय उपयुक्त रहेगा और जो छात्र हायर सेकंडरी स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं उन्हें बाहर जाकर किस विषय से कोचिंग या मार्ग दर्शन लेकर आगे क्या करना चाहिए इस विषय को लेकर उचित मार्गदर्शन की दिशा में तेंदूखेड़ा में एक बहुत अभाव बना हुआ है। चूंकि पढ़ें लिखे परिवारों के छात्र तो उनके पाल्यों से मार्गदर्शन या उनके सोर्सों का लाभ लेकर बाहर चले जाते हैं। लेकिन निर्धन परिवारों के छात्र जो कि बाहर भेजने में सक्षम नहीं है वह स्थानीय कालेजों में ही दाखिला लेकर भटक जातें हैं।या फिर कहीं भी प्राइवेट क्षेत्र में काम में लग जातें हैं।ऐसी स्थिति में तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय पर एक तहसील स्तरीय केरियर मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता है। चूंकि जिला स्तर या अन्य स्थानों पर तो यह व्यवस्था मिल जाती है लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र में इस विषय का अभाव शुरू से ही बना हुआ है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र से बहुत से छात्र छात्राएं है जो शासकीय स्कूलों या प्राइवेट स्कूलों से अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं।अब उन्हें उचित मार्गदर्शन की जरूरत है। चूंकि शासन भी शिक्षा को लेकर तरह-तरह की सुविधाएं मेधावी छात्रों को उपलब्ध करा रहा है। यहां तक कि बाहर जाकर पढ़ाई का खर्चा और छात्रवृत्ति भी प्रदान कर रहा है। लेकिन उचित मार्गदर्शन और इन छात्रों को मिल जायेगा तो छात्र काफी आगे निकल सकते हैं।

क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से बढ़ेगा जल स्तर और फसलों को मिलेगा पानी

तेंदूखेड़ा । नर्मदा उत्तराखंड में बहने वाली पांडाझिर बरांझ और सिंदूर नदियों पर स्टाप डेम बनने से इन नदियों में लंबे समय तक पानी भरा रहेगा बल्कि आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों का जमीनी जल स्तर बढ़ने के साथ फसलों को समय समय पर पर्याप्त पानी मिलता रहेगा।दो दर्जन से अधिक गांवों को इसका फायदा होगा।इस विषय को काफी लंबे समय से उठाया तो जा रहा है लेकिन औपचारिकता निभाते ही आगे गति नहीं ले पाता। नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत सागर जिले की सीमा से लगे झिरा घाटी से लेकर बिजोरा पीपरवानी पान तक उधर आदिवासी बाहुल्य ग्राम ढिलवार मौआखेडा मर्रावन
तक पानी की गंभीर समस्या बनी रहती है। चूंकि पांडाझिर बरांझ और सिंदूर नदियों का भी निकलना इन्हीं जंगली क्षेत्रों से हुआ करता है। बरसात के दिनों में तो पर्याप्त मात्रा में पानी रहता है ।लेकिन गर्मी आते आते अनेकों स्थानों पर नदी सूखने लगती है। और इस वर्ष तो लगभग हर जगह नदी सूख चुकी है। पांडाझिर नदी देवरी विजोरा मानकपुर तरफ से होती हुई गुटोरी बरकुंडा डोभी तरफ से आगे निकल जाती है।इसी तरह से बरांझ नदी भी रम्पुरा खमरिया बरांझ कठोतिया इमझिरा खेरुआ काचरकोना ईश्वरपुर से आगे गंगई भामा मनकापुर होते हुए आगे की तरफ बढ़ जाती है। इसी तरह से सिंदूर नदी भी मदनपुर पीपरवानी से आगे बंधी टपरियों तरफ आगे निकल जाती है।इन नदियों के बाजू से अनेकों ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं। लेकिन इन नदियों का उचित रखरखाव ना हो पाने के कारण पानी रहते हुए प्यासे बनें हुए हैं। इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां कृषि उपज को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा वहीं नदियों के बाजू से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंपो ट्यूब बेलों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा।जमीनी जल स्तर भी बढ़ जायेगा। चूंकि पिछले कई वर्षों से इस विषय को गंभीरता उठाया भी गया लेकिन शासन प्रशासन स्तर पर केवल औपचारिकता ही निभाई जाती रही है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी यह विषय प्राथमिकता से रखा है लेकिन उनकी आवाज भी नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह गई है।

मवेशियों को मिलेगा पीने योग्य पानी

जंगली क्षेत्रों से निकली इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां जंगली क्षेत्रों से लगे जानवरों को पानी की उपलब्धता होगी वहीं मवेशियों को भी पीने योग्य पानी मिलेगा। वर्तमान में पानी चारे भूसे की समस्या के चलते ही पशु पालक अपने अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं।जो मुसीबत का कारण बनते हैं। एवं असहाय मवेशी भी भूख और प्यास से तड़पते हुए देखे सुने जाते हैं।जबरन खेतों में घुसकर फसलों को नुक़सान पहुंचाया करतें हैं।या फिर भूंख प्यास से तड़फ कर मर जाते हैं। आवारा घूमने तथा इनका उचित संरक्षण ना होने के कारण ग्रामीण कसाइयों से मिलकर कसाई खाने भिजवा देते हैं। और मोटी रकम कमा लेते हैं।

सिन्दूर नदी भी सूखने लगी

मदनपुर के समीप बहने वाली सिंदूर नदी पर आगे टपरियों और इटुआ के बीच नदी में बड़ी संख्या में मगरों का डेरा बना हुआ है। पहले तो एक दो मगरें देखने को मिला करतीं थीं लेकिन अब तो यहां दो दर्जन से अधिक छोटी बड़ी मगरें मदनपुर तालाब तक धावा बोला करतीं हैं।चरवाहे और मछली पकड़ने वाले भी इनकी गिरिफ्त में आ चुके हैं। चूंकि बरसात के दिनों में आने वाली बाढ़ के कारण इनका डेरा यहां पर बन जाता है। लेकिन सिंचाई को लेकर विद्युत मोटर पंपों के माध्यम से खिंचने वाले पानी और लगातार गिरते जमीनी जल स्तर के कारण यह नदी भी सूखने की कगार पर पहुंच गई है और मगर भी पानी वाले क्षेत्रों में चलीं गईं हैं।